Ans. (c) उप आर्द्र दक्षिणी मैदानी कृषि जलवायु प्रदेश में भीलवाड़ा, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ तथा उदयपुर, सिरोही जिले स्थित हैं। डूंगरपुर आर्द्र दक्षिणी मैदानी क्षेत्र में स्थित है।

462. कोपेन वर्गीकरण के अनुसार जैसलमेर व बीकानेर के पश्चिमी भागों में निम्नलिखित में से किस प्रकार की जलवायु है?

(a) Bwhw (b) Cwg
(c) Aw (d) Bshw

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) राजस्थान की जलवायु को कोपेन वर्गीकरण के अनुसार 4 भागों में बाँटा गया है।

AW – कोटा, बारा, झालावाड़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापपुर, माउंट आबू
BWhw- जैसलमेर, बीकानेर,
Bshw - लूणी, घग्गर बेसिन, शेखावटी, नागौर,
Cwg - अलवर, भरतपुर, टोंक, करौली, जोधपुर, राजसमंद, सिरोही, सवाई माधोपुर, उदयपुर, जयपुर।

463. 'लू' शब्द किस प्रकार की हवाओं को स्पष्ट करता है?

(a) धूलभरी व शुष्क हवाओं का चलना
(b) जल राशियों कीओरसे आने वाली हवाएँ
(c) समगति से बहने वाली हवाएँ
(d) पश्चिमी अवदाब

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020

Ans. (a) उत्तर भारत में गर्मियों के मौसम में उत्तर-पूर्व तथा पश्चिम से पूर्व दिशा में चलने वाली धूलभरी उष्ण एवं शुष्क हवाओं को लू कहते हैं। ये हवाएँ सामान्यतः मई तथा जून के महीने में चलती हैं।

464. राजस्थान का कौन सा जिला 'आर्द्र दक्षिण पूर्वी मैदान' के कृषि जलवायु प्रदेश में शामिल नहीं है?

(a) बूँदी
(b) कोटा
(c) उदयपुर
(d) बाराँ

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020

Ans. (c) राजस्थान में कुल 10 कृषि जलवायु प्रदेश है। आर्द्र दक्षिण पूर्वी मैदान (V) कृषि जलवायु प्रदेश में कोटा, झालावाड़, बूँदी तथा बाराँ जिले शामिल हैं। उदयपुर, डूँगरपुर, बांसवाड़ा तथा चित्तौड़गढ़ जिले आर्द्र दक्षिण मैदान (IVB) कृषि जलवायु प्रदेश में शामिल है।

465. निम्नलिखित राजस्थान के जिलों में से कौन सा एक अति-आर्द्र जलवायु प्रदेश का भाग है?

(a) अजमेर (b) राजसमंद
(c) बारां (d) दौसा

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (c) राजस्थान की जलवायु को 10 भागों में बाँटा गया है। आर्द्र दक्षिणी पूर्वी मैदान क्षेत्र (v) में कोटा, झालावाड़, बूंदी बारां, सवाई माधोपुर के कुछ क्षेत्र आते हैं। अजमेर, दौसा, टोंक जिले अर्द्ध शुष्क पूर्वी मैदान क्षेत्र (IIIA) में आते हैं।

466. निम्न में से कौन सा, राजस्थान में प्रचलित तौर पर 'मावठ' के रूप में जाना जाता है?

(a) पर्वतीय लवण (b) मरुस्थलीय मृदा
(c) शीतकालीन वर्षा (d) लोकनृत्य

कनिष्क अभियन्ता (यांत्रिक) 13.12.2020, Code-80

Ans. (c) पश्चिमी शीतोष्ण चक्रवात से राजस्थान में शीत ऋतु में वर्षा होती है। इस वर्षा को 'मावठ' कहा जाता है। मावठ रबी की फसल के लिए लाभदायक होता है।

467. राजस्थान में सर्वाधिक औसत वार्षिक वर्षा किस जिले में होती है-

(a) बारां (b) झालावाड़
(c) बाँसवाड़ा (d) चित्तौड़गढ़

JEN Mechanical Diploma 21.8.2016

Ans. (b) राजस्थान में सर्वाधिक वर्षा वाला जिला झालावाड़ है। राजस्थान में सर्वाधिक वर्षा दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में होती है। बांसवाड़ा को राजस्थान में मानसून का प्रवेश द्वार कहते हैं। राजस्थान में जुलाई माह में सर्वाधिक वर्षा होती है।

468. राजस्थान का कौन-सा कृषि जलवायु खण्ड लवणीयता, क्षारीयता तथा जलप्लावन की त्रिपक्षीय गम्भीर समस्या का सामना कर रहा है।

(a) सिंचित उत्तर-पश्चिमी मैदान
(b) अन्तः स्थलीय जलोस्तरण क्षेत्र
(c) जवाहर सागर बाँध
(d) कोटा बैराज

JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016

Ans. (a) राजस्थान का सिंचित उत्तरी-पश्चिमी मैदान कृषि जलवायु खण्ड लवणीयता, क्षारीयता तथा जलप्लावन की त्रिपक्षीय गंभीर समस्या का सामना कर रहा है। यह जलवायु खण्ड राजस्थान के श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिलों को आच्छादित करता है। यहाँ की मिट्टी जलोढ़ निक्षेप, कैल्शियम, युक्त, उच्च घुलनशील लवण और विनिमेय सोडियम युक्त हैं।

469. राजस्थान में शीतकालीन वर्षा होती है-

(a) लौटते मानसून से
(b) दक्षिण-पश्चिम मानसून से
(c) उत्तर-पूर्व मानसून से
(d) भूमध्यसागरीय चक्रवातों से

JEN Civil Diploma 21.08.2016

Ans. (d) राजस्थान में 90 प्रतिशत से अधिक वर्षा ग्रीष्मकालीन दक्षिणी-पश्चिमी मानसूनी हवाओं से होती है। शीतकाल में न्यूनतम वर्षा पश्चिमी विक्षोभ (भूमध्यसागरीय चक्रवात) से होती है।

470. राजस्थान में 'मावठ' वर्षा होती है-

(a) अरब सागरीय चक्रवात से
(b) भूमध्य सागरीय चक्रवात से
(c) बंगाल की खाड़ीय मानसून से
(d) प्रत्यावर्ती मानसून से

JEN Civil Diploma (Tsp Area) 16.10.2016

Ans. (b) राजस्थान में मावठ वर्षा भूमध्यसागरीय चक्रवात के कारण होती है जिसे पश्चिमी विक्षोभ भी कहा जाता है। मावठ वर्षा सर्दियों के मौसम में होती है।